प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 01.04.2026
समय : 09:00 ए.एम.

- देशभर में जनगणना का पहला चरण आज से शुरू–इसमें मकान सूचीकरण किया जायेगा।
- ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने प्रदेश में किसी भी थर्मल पावर इकाइ को बंद करने की खबर को निराधार बताया, कहा–कोई भी इकाई बंद नहीं होगी।
- प्रदेश के सरकारी स्कूलों में नया शैक्षणिक सत्र आज से शुरू–पाठ्य पुस्तकों का निशुल्क वितरण किया जा रहा है।
- प्रदेश में बीते 24 घंटों में आंधी, बारिश और ओलो का दौर चला।

जनगणना–2027 का पहला चरण आज से शुरू हो रहा है। ये दुनिया की सबसे बड़ी जनगणना होगी। इस चरण में मकान सूचीकरण होगा और आवास से जुडे सवाल पूछे जायेंगे। पहली बार डिजिटल रूप से होने वाली इस जनगणना में स्व–गणना का विकल्प भी उपलब्ध होगा। राजस्थान में स्व–गणना अवधि पहली मई से 15 मई तक है। स्व–गणना एक सुरक्षित वेब–आधारित सुविधा है जिसके माध्यम से घर–घर सर्वेक्षण से पहले 16 भाषाओं में अपनी जानकारी ऑनलाइन दर्ज कराई जा सकती हैं। इसमें नागरिक पोर्टल के जरिये खुद अपनी जानकारी दर्ज करवायी जा सकती है। भारत के महारजिस्ट्रार और जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण ने आकाशवाणी से विशेष बातचीत में डिजिटल जनगणना के फायदों के बारे में बताया।

देश भर में प्राकृतिक गैस –पीएनजी के विस्तार में तेजी बनाए रखने के लिए सरकार ने राष्ट्रीय पीएनजी अभियान के दूसरे चरण को इस साल 30 जून तक बढ़ा दिया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने बताया कि मार्च महीने के दौरान घरेलू, वाणिज्यिक, छात्रावास, मैस और कैंटीन सहित 31 लाख से अधिक कनेक्शनों को गैसयुक्त किया गया है। सरकार ने आश्वासन दिया है कि देश में पेट्रोल, डीजल, एलपीजी और पीएनजी का पर्याप्त भंडार है।

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने स्पष्ट किया है कि प्रदेश की थर्मल पावर इकाइयों को बंद करने की खबरें पूरी तरह गलत हैं और कोई भी इकाई बंद नहीं होगी। कोटा में आयोजित जनसुनवाई के दौरान मीडिया से बात करते हुए श्री नागर ने कहा कि गर्मी के मौसम में बिजली की बढ़ती मांग को देखते हुए केंद्र से अतिरिक्त बिजली लेने और निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे है। ऊर्जा मंत्री ने बेमौसम बारिश से हुए फसल खराबे के लिए संभाग में सर्वे के निर्देश दिए हैं ताकि किसानों को जल्द मुआवजा मिल सके।

राज्य के 24 जिलों के किसानों को सिंचाई के लिए अब दिन में बिजली मिलेगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश के अनुसार दौसा, करौली, जयपुर, अजमेर, कोटा, भरतपुर, झालावाड जालोर सिरोही पाली भीलवाडा और उदयपुर जिलों में किसानों को खेती के लिए दिन के दो ब्लॉक में बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जायेगी। इससे किसानों को रात में सिंचाई करने से मुक्ति मिलेगी। फिलहाल 22 जिलों में कृषि उपभोक्ताओं को दिन के दो ब्लॉक में विद्युत आपूर्ति की जा रही है। अब जयपुर डिस्कॉम के दौसा और करौली जिले भी इसमें जुड गये है। करौली से हमारे संवाददाता ने बताया कि मुख्यमंत्री के इस निर्णय से जिले के किसानों में खुशी की लहर है।

राज्य सरकार ने देर रात बडा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 65 आईएएस अफसरों के तबादले कर दिये है। इनमें 25 जिला कलेक्टरों को बदला गया है। मुख्यमंत्री के सचिव और विशिष्ट सचिव भी बदले गये है। मुख्यमंत्री के विशिष्ट सचिव रहे संदेश नायक अब जयपुर के कलेक्टर होंगे। वहीं जयपुर जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र सोनी को मुख्यमंत्री का सचिव बनाया गया है। वे डीआईपीआर के भी सचिव नियुक्त किये गये है। मुकुल शर्मा मुख्यमंत्री के विशिष्ट सचिव होंगे। अरविंद कुमार पोसवाल को हाउसिंगबोर्ड के आयुक्त की जिम्मेदारी दी गई है। डॉ. रश्मि शर्मा को समग्र शिक्षा अभियान का निदेशक

बनाया गया है। उत्सव कौशल और अमित शर्मा मुख्यमंत्री के संयुक्त सचिव होंगे। नमित मेहता को आबकारी आयुक्त की जिम्मेदारी दी गई है।

केन्द्र सरकार ने विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में नए सचिवों की नियुक्ति की है। बिहार काडर के 1992 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा–आई ए एस अधिकारी चंचल कुमार को सूचना और प्रसारण मंत्रालय में सचिव नियुक्त किया गया है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय के मौजूदा सचिव संजय जाजू को पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय में सचिव नियुक्त किया गया है।

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में आज से नया शैक्षणिक सत्र शुरू हो गया है। इसे प्रवेशोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। शिक्षकों की ओर से विद्यार्थियों का तिलक और फूलमालाओं से अभिनंनदन किया जा रहा है। साथ ही पहले दिन ही पाठ्यपुस्तकों का निशुल्क वितरण भी शुरू हो गया है। शिक्षा विभाग की ओर से विद्यालयों में नामांकन बढाने के लिए कई तरह के प्रयास किये जा रहे है। शिक्षक घर–घर जाकर अभिभावको से भी संपर्क कर रहे है। वहीं रैली के माध्यम से भी स्कूल चलो का संदेश दिया जा रहा है।

नए वित्तीय वर्ष की शुरूआत के साथ ही आज से कई बदलाव हो रहे है। छह दशक से भी अधिक पुराने आयकर अधिनियम 1961 की जगह अब नया आयकर अधिनियम, 2025 आज से लागू होगा। पुराने प्रावधानों को हटाकर इसे करदाताओं के लिए पारदर्शी और सरल बनाया गया है। भारतीय रिज़र्व बैंक के निर्देशानुसार आज से देश में सभी डिजिटल भुगतान लेनदेन के लिए टूदृफैक्टर ऑथेंटिकेशन के मानदंडों को पूरा करना अनिवार्य होगा। साथ ही अन्य बदलावों पर समाचार कक्ष से हमारी सहयोगी डॉ. सालेहा गाज़ी की एक रिपोर्ट–

राज्य में बीते 24 घंटों में कई शहरों में आंधी, बारिश और ओले गिरने का दौर चला। कोटा श्रीगंगानगर, नागौर, डीडवाना–कुचामन में देर रात हुई बरसात के साथ ओले भी गिरे। वहीं जयपुर, हनुमानगढ, चूरू, भरतपुर सहित अन्य स्थानों पर गरज और आंधी के साथ हल्की बरसात हुई। प्रदेश में इस समय गेहूं, सरसों और चने की फसले कटाई के करीब है और ओले गिरने से फसलो को नुकसान पंहुचा है। नागौर के धनारीकला, डेहरू, डेगाना में वहीं डीडवाना कुचामन के मकराना और गच्छीपुरा क्षेत्रों में खेतों में ओलों की चादर बिछ गयी। हनुमानगढ़ के नोहर और भादरा क्षेत्रों में भी तेज बारिश के साथ ओलों ने खेतों में तैयार खडी फसलो को नुकसान पंहुचाया है। धौलपुर और भरतपुर में कल शाम आंधी चली। इसके बाद हल्की बारिश का दौर शुरू हुआ। भरतपुर से हमारे संवाददाता ने बताया कि बारिश से तापमान में गिरावट आयी है हालांकि किसानों को नुकसान होने की आशंका है।